# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 154 Cr.P.C.)
## प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)

1. District (जिला): STATE VIGILANCE BUREAU    P.S. (थाना): SVB KARNAL    Year (वर्ष): 2022

FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0014    Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय): 16/06/2022 18:24 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):

1 Day (दिन):    Date from (दिनांक से):    Date To (दिनांक तक):

Time Period (समय अवधि):    Time From (समय से):    Time To (समय तक):

(b) Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):    Date (दिनांक): 16/06/2022    Time (समय): 17:59 hrs

(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):    Entry No. (प्रविष्टि सं.): 017    Date and Time (दिनांक और समय): 16/06/2022 17:59 hrs

4. Type of Information (सूचना का प्रकार): Written

5. Place of Occurrence (घटनास्थल):

1. (a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा): WEST    Beat No. (बीट सं.):

(b) Address (पता):

(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):

District (State) (जिला (राज्य)):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):

(a) Name (नाम): कुलदीप

(b) Father's Name (पिताका नाम): बलवन्त

(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष): 1982    (d) Nationality (राष्ट्रीयता): INDIA

(e) UID No. (यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की दिनांक):    Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address (पता):

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | गामडी, GOHANA SADAR, SONIPAT, HARYANA, INDIA |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Permanent Address | गामडी, GOHANA SADAR, SONIPAT, HARYANA, INDIA |

(j) Phone number (दूरभाष सं.): Mobile (मोबाइल सं.): 91-9813996896

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनीष लाम्बा एस.डी.ओ. बिजली विभाग निसिंग | | | 1. बिजली विभाग निसिंग,KARNAL,HARYANA,INDIA |
| 2 | सुरज लाईनमैन | | | 1. बिजली विभाग निसिंग,KARNAL,HARYANA,INDIA |
| 3 | पवन जे.ई | | | 1. बिजली विभाग निसिंग,KARNAL,HARYANA,INDIA |
| 4 | वेद ड्राईवर प्राईवेट व्यक्ति | | | 1. निसिंग,KARNAL,HARYANA,INDIA |

8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

थाना स्टेट विजिलेंस ब्यूरो हरियाणा ★ करनाल मण्डल, करनाल ★

**I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)**

सेवा में, इन्सपैक्टर विजिलैंस करनाल। विषयः- भ्रष्ट अधिकारी / कर्मचारी पर रेड कार्यवाही करने बारे । श्री मान जी, निवेदन है कि मैं कुलदीप पुत्र श्री बलवन्त वासी गांव गामडी थाना गोहाना सदर जिला सोनीपत का रहने वाला हुं । मैं खेती बाडी का काम करता हुं । मैने व जितेन्द्र पुत्र श्री प्रेम सिंह वासी खानपुर कलां थाना गोहाना सदर जिला सोनीपत ने आपस में मिलकर दो एकड जमीन गांव डाचर तहसील निसिंग जिला करनाल में मोहर सिंह पुत्र श्री मुलखा सिंह निवासी गांव डाचर सब तहसील निसिंग जिला करनाल से ईकरारनामा दिनांक 19.04.2022 अनुसार खरीद की हुई है इस जमीन के उपर से खेतो में जाने वाली बिजली लाईन गुजर रही है बिजली लाईन हमारी जमीन में काफी नीचे से गुजर रही है जिस कारण हमारे को काम धन्धा करने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है और किसी भी हादसे का डर रहता है जिस कारण मैने खरीद की गई उक्त जमीन से बिजली की लाईन को शिफ्ट करवाने के लिए एक प्रार्थना पत्र मनीष लाम्बा एस.डी.ओ. बिजली विभाग निसिंग को लगभग एक डेड माह पहले जमीन मालिक मोहर सिंह पुत्र श्री मुलखा सिंह निवासी गांव डाचर सब तहसील निसिंग जिला करनाल की तरफ से दी थी क्योंकि अभी जमीन की रजिस्ट्री लम्बित है । बिजली की लाईन शिफ्ट करने बारे में मैं मनीष लाम्बा एस.डी.ओ बिजली विभाग से मिला था कि लाईन शिफ्टिंग का काम जल्दी करवा दो तो मनीष लाम्बा एस.डी.ओ. ने मेरे को कहा था कि लाईन शिफ्ट करने बारे उसने लाईन शिफ्ट करने का अस्टीमेट लगभग 167,000 रुपए का बनाकर मन्जुरी हेतु उच्च अधिकारियो को भेजा हुआ है जिसमे पांच से सात हजार रुपए कम या ज्यादा हो सकते है तो मनीष लाम्बा एस.डी.ओ कहने लगा कि ये मैने आपको सरकारी खर्च बतलाया है इसके अतिरिक्त हमारा भी खर्चा पानी लगता है वो आपको अलग से देना पडेगा। जिसको मैने कहा कि और कितना खर्चा पानी लगेगा तो कहने लगा कि हमारे उपर भी अधिकारी बैठे है उनको भी खर्चा पानी अलग से देना पडता है जिस पर मनीष लाम्बा एस.डी.ओ. ने मेरे से पांच लाख रुपए रिश्वत की मांग की जिसमे 1,67,000/- रुपए सरकारी फीस अस्टीमेट इत्यादि की भी शामिल है मैने उसको कहा कि पांच लाख रुपए तो बहुत ज्यादा है तो वह आखिर में 4,00,000/- रुपए लेने पर राजी हो गया था और कहने लगा कि ये सारे पैसे मेरे ड्राईवर बेद को दे देना उससे मैं बाद में खुद ले लुंगा जिसके कहने पर मैने साढे तीन लाख रुपए दिनांक 04.05.2022 को सतनारायण पुत्र हरिश्चन्द्र वासी गांव खानपुर कलां गोहाना सोनीपत के सामने वेद ड्राईवर को बिजली विभाग के कार्यालय निसिंग में दिए थे वेद ड्राईवर प्राईवेट व्यक्ति है जिसने विभाग में बोलेरो गाडी किराए पर लगा रखी है जो मनीष एस.डी.ओ. के साथ ही गाडी चलाता है। साढे तीन लाख रुपए देने के काफी समय बाद भी बिजली लाईन शिफ्ट का काम नहीं हुआ और ना ही मेरे को अस्टीमेट की रसीद दी फिर मैं मनीष लाम्बा एस.डी.ओ.निसिंग से मिला तो वह कहने लगा तीन लाख पचास हजार रुपए तो उसके पास आ चुके है तथा बकाया 50,000/- रुपए रिश्वत के दे दो वह लाईन शिफ्टिंग का काम भी करवा देगा और रसीद भी दे देगा और मेरे को कहा कि आप मेरा नाम लेकर पवन जे.ई बिजली विभाग निसिंग से मिल लेना तो फिर मैं उसके कहने पर पवन जे.ई से मिलने के लिए गया तो मेरे को सुरज लाईनमैन बिजली विभाग गांव डाचर मिल गया जो मेरे को पहले से जानता था जिसने मेरे को कहा कि दस हजार रुपए मेरे को देने होंगे तो मैने सुरज लाईनमैन को कहा कि तेरे को मैं पहले ही छः हजार रुपए दे चुका हुं तो वह कहने लगा कि उन छः हजार में काम नहीं बनेगा दस हजार और देने होंगे जिसको मैने कहा कि मेरा काम करवा दे मैं तेरे को दस रुपए बाद में दे दुंगा। उसके बाद सुरज लाईनमैन ने मेरे को जे.ई.पवन बिजली विभाग निसिंग से मेरी मुलाकात करवाई थी। जिसके बाद मैं पवन जे.ई. निसिंग बिजली विभाग से मिला और मनीष लाम्बा एस.डी.ओ. वाली सारी बाते बताई तो पवन जे.ई ने मेरे से बिजली लाईन के अस्टीमेट की सरकारी फीस के अलावा मेरे से रिश्वत के तौर पर 50,000/- रुपए की मांग करी और कहने लगा कि तुने मनीष लाम्बा एस.डी.ओ को जो पैसे दिए है उनमे से मनीष लाम्बा एस.डी.ओ. ने एक्स.ई.एन. विजली विभाग निसिंग ऐरिया को केवल 20,000/- रुपए दे रहा जिस कारण तेरा काम नहीं हो रहा है तु मेरे को पचास हजार देगा तो मैं उसमे से एक्स .ई.एन. को पैसे देकर तेरा काम करवा दुंगा जिस बारे में मेरी बात एक्स .ई.एन. से हो चुकी है तो मैने पवन जे.ई को कहा कि पैसे ज्यादा है कुछ कम कर लो तो वह 40,000/- लेने पर राजी हो गया है । इस प्रकार उपरोक्त अधिकारी /कर्मचारियो द्वारा बिजली लाईन शिफ्ट करने बारे मेरे को काफी परेशान किया जा रहा है और मेरे से पहले भी ये रिश्वत के तौर पर साढे तीन लाख रुपए मनीष लाम्बा एस.डी.ओ. व छः हजार रुपए सुरज लाईनमैन ले चुके है और अब चार लाख रुपए में से बकाया 50,000/- रुपए मनीष लाम्बा एस.डी.ओ. बिजली विभाग निसिंग, 40,000/- रुपए पवन जे.ई बिजली विभाग निसिंग व 10,000/- रुपए सुरज लाईनमैन रिश्वत के तौर पर मांग रहे है और अब तक भी बिजली लाईन शिफ्ट करने का काम नहीं किया है । आज मेरे को उपरोक्त अधिकारी /कर्मचारियो ने अपनी अपनी मांग की गई रिश्वत राशि लेकर बुलाया हुआ है इन भ्रष्ट अधिकारी / कर्मचारियो को अब मैं और रिश्वत राशि नहीं देना चाहता हुं। मैने इन अधिकारी/ कर्मचारियो की रिश्वत मांगने बारे रिकार्डिंग भी की हुई है जो आपको बाद में पेश कर दुंगा। मैं अपने साथ रिश्वत राशि में दिए जाने वाले एक लाख रुपए भी साथ लेकर आया हुं। इन सभी बिजली विभाग वालो के खिलाफ कानुनी कार्यवाही की जावे। Sd/ Kuldeep कुलदीप पुत्र श्री बलवन्त वासी गांव गामडी थाना सदरगोहाना,जिला सोनीपत। दिनांक 16.06.2022 मो.न. 9813996896 कार्यवाही पुलिसः- आज मन निरीक्षक हाजिर थाना हुँ कि कुलदीप पुत्र श्री बलवन्त वासी गांव गामडी थाना गोहाना सदर जिला सोनीपत ने जितेन्द्र पुत्र श्री प्रेम सिंह वासी खानपुर कलां थाना गोहाना सदर जिला सोनीपत के साथ हाजिर थाना आकर उपरोक्त दरखास्त पेश की है और दरखास्त के साथ रिश्वत में दी जाने वाली राशि 1,00,000/- रुपए भी पेश किए है जिसको अलग से फर्द सूचि नोट द्वारा कब्जा पुलिस में लिया गया है । जो दरखास्त उपरोक्त से जुर्म जेर धारा 7 भ्रष्टाचार उन्मूलन अधिनियम 1988 का घटित होना पाए जाने पर तहरीर बराए करने अभियोग अंकित मोहरर थाना के हवाले की गई तथा थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक सुबे सिंह न0 242/अम्बाला, सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार न. 875/करनाल, सहायक उप निरीक्षक अन्कुश कुमार न0 1087/करनाल,मुख्य सिपाही प्रवीण कुमार न0 949/पानीपत व मुख्य सिपाही रुकमेश कुमार न0 903/पानीपतको शामिल रेडिंग पार्टी करके रेडिंग पार्टी तैयार की गई है । जिस पर मन निरीक्षक मय रेडिंग पार्टी बा सवारी गाडी सरकारी न0 HR-03W-9572 जिसका चालक बलदेव सिंह न0 624/ अम्बाला के शिकायतकर्ता कुलदीप व साथ आए जितेन्द्र उपरोक्त को साथ लेकर बराए करवाने नियुक्त डयुटि मैजिस्ट्रेट व छाया गवाह उपायुक्त महोदय कार्यालय करनाल व मौका का रवाना होता हुं। तफतीशी बैग, लैपटाप, प्रिन्टर व प्राईवेट कार को साथ लिया गया । अजः-थाना राज्य चौकसी ब्युरो करनाल। Sd/- Sachin निरीक्षक राज्य चौकसी ब्युरो ,करनाल मण्डल करनाल। दिनांक 16.06.2022 समय 4.30 PM अज थाना :- हस्ब आमदा तहरीर पर कायमी मुकदमा न0 14 दिनांक 16/06/2022 धारा 7 PC ACT थाना राज्य चौकसी ब्यूरो करनाल मण्डल, करनाल दर्ज रजिस्टर किया जाकर FIR की कम्पयुटरकृत प्रतिया तैयार करके मुकदमा हजा की स्पेशल रिपोर्ट अफसरानबाला वा ईलाका मैजिस्ट्रैट साहब करनाल को बजरिया/ई-मेल सुचित किया गया है व नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर आरिन्दा EHC राजकुमार न0 209/KKR के हवाले की जाकर रवाना निजद अनुसंधानकर्ता का किया गया तथा हिदायत मुनासिब दी गई। उपरोक्त मुकदमा प्रबन्धक अफसर थाना के कोड से उप निरीक्षक चरण सिंह न0 257/KR की हाजरी में दर्ज रजिस्ट्रर किया गया है ।

13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):

(1) Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or (या)

(2) Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम): SACHIN ALLAVADI Rank (पद): I (Inspector)

No. (सं.): RR228 to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)

(3) Refused investigation due to (जांच के लिए): or (के कारण इंकार किया या)

(4) Transferred to P.S. (थाना): District (ज़िला):

on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).

F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)

R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)

थाना स्टेट विजिलेंस ब्यूरो हरियाणा
करनाल मण्डल, करनाल

Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Name (नाम): CHARAN SINGH

Rank (पद): SI

No. (सं.): 257/KR

14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)

15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1994 | | | | Is pox pitted: Yes |
| 2 | Male | 1987 | | | | Is pox pitted: Yes |
| 3 | Male | 1968 | | | | Is pox pitted: Yes |
| 4 | Male | 1982 | | | | Is pox pitted: Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s)(आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

थाना स्टेट विजिलैंस ब्यूरो हरियाणा करनाल मण्डल, करनाल

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**

थाना स्टेट [illegible] हरियाणा

करनाल मण्डल, करनाल